भारत की सबसे बड़ी जलवायु घड़ी

स्रोत: पी. आई. बी.

हाल ही में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (Council of Scientific & Industrial Research- CSIR) ने पृथ्वी दिवस **समारोह** के एक भाग के रूप में नई दिल्ली में CSIR मुख्यालय में **भारत की सबसे बड़ी जलवायु घड़ी** की स्थापना और परिचालन की शुरुआत की।

- यह आयोजन जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता का प्रचार करने और लोगों को **ऊर्जा साक्षर** बनाने के **CSIR** के उद्देश्य को दर्शाता है।
- इसे वर्ष **2015** में दर्शकों को जलवायु परिवर्तन शमन की प्रगति की निगरानी के लिये एक संकेतक के रूप में पेश किया गया था।
- इससे यह प्रदर्शित होगा कि वर्तमान उत्सर्जन रुझानों को देखते हुए ग्रह**कितनी तेज़ी से 1.5 डिग्री सेल्सियस ग्लोबल वार्मिंग के करीब पहुँच रहा है**। यह **पहले से ही उत्सर्जित CO2 की मात्रा और अब तक की ग्लोबल वार्मिंग को भी दर्शाता है।**
- मानवता के 1.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने पर दिखाई गई तारीख उत्सर्जन बढ़ने के साथ करीब आती जाएगी तथा उत्सर्जन कम होने पर और दूर होती जाएगी।
    - **4 अप्रैल, 2024** तक **वर्तमान जलवायु तापमान 1.295°C है।**

और पढ़ें: पृथ्वी दिवस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-biggest-climate-clock